

# भरतनाट्यम में लय-ताल का अनुपम मेल

## रवीन्द्र भवन में नृत्यरंजिनी 2026 में 110 छात्राओं ने दी नृत्य की प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 16 अप्रैल. हमारी प्राचीन नृत्य परंपरा ने एक बार फिर अपनी कला का जादू बिखेरा. रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में गुरुवार शाम 'नृत्यरंजिनी 2026' कार्यक्रम में पद्मरंग नृत्य अकादमी की 110 छात्राओं ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं. यह आयोजन भक्ति, लय और ताल का अनुपम मेल था.**

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई. प्रारंभिक बैच की नई छात्राओं ने मां सरस्वती के ज्ञानमयी और शांत स्वरूप का बहुत सुंदर चित्रण किया. हर मुद्रा में उनकी भक्ति साफ झलक रही थी. इसके बाद पुष्पांजलि प्रस्तुति में नृत्यांगनाओं ने मंच, गुरु, संगीतकारों और दर्शकों को पुष्प अर्पित कर प्रणाम किया. यह शुद्ध नृत्य का शानदार नमूना था, जिसमें ताल और लय का कमाल दिखा. तीसरी प्रस्तुति जतिस्वरम् थी. यह राग कानडा और आदि ताल में बंधी हुई थी. छात्राओं ने जटिल तालों, सटीक पदचाप और सुंदर रेखाओं से अपनी साधना का प्रदर्शन किया. मंगलम् में मां शारदा की वंदना के जरिए शांति और शुभकामना का संदेश दिया गया. हर गति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ. गणेश वंदना में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की बुद्धि और समृद्धि का गुणगान किया गया. महादेव रचना में भगवान शिव के अर्धचंद्र, गंगा, सर्प और भस्म से सजे विराट स्वरूप को भावपूर्ण ढंग से दिखाया. श्री राम स्तुति में तुलसीदास जी की 'श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन' पर आधारित अयोध्या नगरी के दीपोत्सव और राम जी के स्वागत का जीवंत चित्रण किया गया. दर्शक भक्ति भाव में डूब गए. यह आयोजन गुरु श्वेता देवेंद्र के मार्गदर्शन में हुआ

> मधुराष्टकम् में श्री वल्लभाचार्य की रचना पर श्रीकृष्ण की माखन चोरी, गोवर्धन धारण, द्रौपदी की रक्षा और कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता उपदेश जैसी लीलाओं को लयबद्ध जतियों में प्रस्तुत किया. हर भाव में कृष्ण का माधुर्य उमड़ पड़ा. अंत में एकाकार प्रस्तुति से सभी गतियां एक बिंदु में मिलकर आत्मिक शांति का प्रतीक बनीं. सभी छात्राएं एक साथ नृत्य कर कार्यक्रम का समापन किया.

# समर कैंप आरोह नए स्वरूप में होंगे : सारंग

## व्यक्तित्व विकास और रचनात्मक गतिविधियां भी होंगी शामिल

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 16 अप्रैल. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नई पहल शुरू करते हुए समर कैंप 'आरोह-2026' को नए स्वरूप में करवाने का निर्णय लिया है. इस बार व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी समर कैंप में शामिल किया जा रहा है. गुरुवार को टीटी नगर खेल स्टेडियम में आयोजित प्रदेश के सभी खेल अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री सारंग ने समर कैंप में नई गतिविधियों के बारे में बताया.**



### एक मई से शुरू होगा समर कैंप

मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल सहित सभी जगह 1 मई से समर कैंप शुरू होंगे. खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारिक वेबसाइट और क्यूआर कोड को स्कैन करके इसमें 18 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है. उन्होंने सभी खेल अधिकारियों से कहा कि इसमें युवा समन्वयकों से जुड़ कर इसका आयोजन/गतिविधियां ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर तक की जाए.

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल विभाग के इस समर कैंप 'आरोह-26' की जानकारी हो और लोग इसमें शामिल हों. यह समर कैंप एक मूवमेंट के रूप में जाना जाए, जैसे फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छता अभियान आदि. इसी प्रकार यह समर कैंप केवल गतिविधि केन्द्रित नहीं होकर बच्चों और परिवार सहित समाज को जोड़ने का एक सकारात्मक संदेश दें. हमारा उद्देश्य केवल प्रतिभा का विकास ही नहीं बल्कि एक ऐसे सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण भी है जो परिवार का गौरव एवं राष्ट्र और समाज का आधार बने.

मंत्री ने कहा कि खेल अधोसंरचना का विकास, प्रतिभाओं को निखारने वाले कोच और प्रतिभाएं तलाशना हमारा मुख्य उद्देश्य है. साथ ही खिलाड़ी को उत्तम खिलाड़ी बनाना और युवाओं को खिलाड़ी बनाने में कोचेस की महत्वपूर्ण भूमिका है. विभाग का मुख्य काम भी युवाओं को खेल से जोड़ना और युवाओं का कल्याण करना है, जो मानसिक एवं बौद्धिक विकास के जरिये किया जा सकता है. इसके लिए जागरुकता एवं काउंसिंग जैसे कार्यक्रम को भी शामिल किया जा सकता है. बैठक में खेल संचालक अंशुमान यादव एवं संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित प्रदेश के खेल अधिकारी मौजूद थे.

# राजधानी के 35 इलाकों में आज रहेगी बिजली बंद

**भोपाल.** शुक्रवार को मेंटनेंस के लिए करीब 35 इलाकों में बिजली कटौती होगी. सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक दानिश हिल्स व्यू 1, कान्हा कुंज. सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक आदमपुर, आदर्श नगर, शिवशक्ति नगर, फॉरच्यून डिलाइट, निरुपम फेस-1, बर्फानी धाम. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चित्रगुप्त नगर, आराधना नगर, अंबेडकर नगर, नया बसेरा, गंगा नगर, इंद्रप्रस्थ, सनसिटी, इंद्रविहार, आदित्य एवेन्यू, मनुआभान टेकरी, पंचवटी कॉलोनी सहित 35 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

## साहू सभा का प्रतिनिधि मंडल सीएम से मिला

**भोपाल.** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीएम हाउस में भेंट की. इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष ताराचंद साहू तथा महिला प्रदेश अध्यक्ष आभा साहू ने किया. प्रतिनिधि मंडल में सलाहकार हरिशंकर साहू, महासचिव अनिल कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मदनलाल साहू और मीडिया प्रभारी विवेक साहू शामिल रहे. सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष समाज से जुड़े मुद्दों को रखा और संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया. बैठक के दौरान निगम-मंडलों में साहू समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई.

# रिवायते मारवाड़ फेस्टिवल शुरू

## जहांनुमा पैलेस में राजस्थानी स्वाद का संगम

**भोपाल, 16 अप्रैल. शहर के जहांनुमा पैलेस में 16 से 19 अप्रैल तक 'रिवायते मारवाड़' फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा. यह फूड फेस्टिवल राजस्थानी परंपरा, स्वाद और संस्कृति का अनूठा अनुभव दे रहा है, जिसमें शहरवासियों को मरुधरा के असली जायकों से रूबरू कराया जा रहा है.**

फूड इंचार्ज सतीश मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को राजस्थानी व्यंजनों का अनुभव कराना है, जो किसी कारणवश राजस्थान की यात्रा नहीं कर पाते .इस फेस्टिवल के माध्यम से उन्हें भोपाल में ही पारंपरिक राजस्थानी स्वाद और माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है.

फेस्टिवल के लिए खास तैयारियां की गई हैं .राजस्थानी खानपान के विशेषज्ञ शेफ पन्नालाल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जो अपने पारंपरिक अंदाज में व्यंजन तैयार कर रहे हैं . वहीं, शाहनमा रेस्तरां को पूरी तरह राजस्थानी थीम पर सजाया गया है, जिससे यहां आने वाले लोगों को संस्कृति की झलक मिल रही है.

> खाने की गुणवत्ता और स्वाद को असली बनाए रखने के लिए केर-सांगरी और अन्य मसाले सीधे राजस्थान से मंगवाए गए हैं . मेन्यू में पारंपरिक व्यंजनों की भरमार है, जिसमें केर सांगरी, लालमास, मक्के की रोटी, दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी और मिठाई में घेवर जैसे लोकप्रिय पकवान शामिल हैं . आयोजकों के अनुसार, फेस्टिवल की खास बात यह है कि चारों दिन का मेन्यू अलग-अलग रखा गया है, ताकि हर दिन नए स्वाद का अनुभव मिल सके और किसी भी व्यंजन की पुनरावृत्ति न हो.

## एक नजर में




### एसबीआई भोपाल सर्किल ने मनाई अंबेडकर जयंती

**भोपाल.** भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल द्वारा प्रधान कार्यालय ऑडिटोरियम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ. दिनेश कुमार खसारिया ने बाबा साहेब के योगदानों की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयासों के बारे में बताया. मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों-समानता, एकता, आत्मसम्मान एवं नैतिकता को बैंकिंग कार्य संस्कृति में अपनाने पर बल दिया .मुख्य वक्ता डॉ. सीमा माथुर सहायक प्राध्यापक, दिल्ली यूनिवर्सिटी एवं डॉ. अरुण खोबरे सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने अपने विचार व्यक्त किए.



### नुक्कड़ नाटक से छात्राओं को बताया स्वच्छता का महत्व

**भोपाल.** बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़ के कल्चरल क्लब ने फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया, भोपाल के सहयोग से, पीएमश्री गवर्नमेंट एमएलबी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, भोपाल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया. यह कार्यक्रम 'स्वच्छता से स्वाभिमान, स्वस्थ बेटी-देश की प्रगति' विषय पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया.



### संस्कार विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**भोपाल.** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहें विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 55 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्हें शासन से लैपटॉप की राशि मिलनी है. कार्यक्रम को मनोहर वासवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने भी संबोधित किया. इस साल संस्कार विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा. विद्यालय में हाई स्कूल में 75 विद्यार्थी एवं हायर सेकण्डरी में 100 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं.

### मंत्रालय के रजिस्ट्रार श्रीवास्तव को दी जन्मदिन की बधाई

**भोपाल.** मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल, सलाहकार आशीष सोनी सहित संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्रालय के रजिस्ट्रार मनोज श्रीवास्तव को जन्मदिन की बधाई दी. बधाई देने वालों में रमेश हिमथानी, संतोष बड़ोदिया, ठाकुरदास प्रजापति, हरिशरण द्विवेदी, सतीश शर्मा, दीप्ति बच्चानी आदि मौजूद थे.

# फिजिक्सवाला विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

**भोपाल, 16 अप्रैल. फिजिक्सवाला ( पीडब्ल्यू ) के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया. कई विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत ( 100% ) अंक हासिल कर देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया. पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा ने पूर्ण अंक प्राप्त कर देश में प्रथम स्थान हासिल किया.**



वैभव ने कहा, 'नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने सफलता दिलाई.' अमोलिक ने बताया, 'नियमित रिविजन और मॉक टेस्ट हल करना सहायक रहा.' आयुष्मान ने कहा, 'अनुशासन और सुव्यवस्थित अध्ययन योजना मेरी कुंजी रही.'

भोपाल में पीडब्ल्यू विद्यापीठ ने शहर के उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया. इस वर्ष 25 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे. संस्थापक अलख पांडेय ने कहा, 'ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग को दर्शाते हैं. हम सभी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हैं.'

# संतों की वाणी सुनें, उनसे शिक्षा लें : भगत प्रकाश

### संत हिरदाराम नगर में प्रेम प्रकाश आश्रम का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 16 अप्रैल.** संत हिरदाराम नगर में गुरुवार को भगवान श्री लक्ष्मीनारायण, सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और नवनिर्मित प्रेम प्रकाश आश्रम का उद्घाटन जयपुर से पधारे स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने अपनी संत मंडली के साथ किया. इसके पहले बैरागढ़ बस स्टैण्ड से लेकर बैरागढ़ एफ वार्ड स्थित प्रेम प्रकाश मंडल आश्रम तक शोभायात्रा निकाली गयी. शाम 5 बजे सत्संग में स्वामी भगत प्रकाश ने कहा कि कि मनुष्य कुछ समय के लिए इस संसार में आया है. वह कितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन एक दिन इस संसार से जाना है. संतों की वाणी सुननी चाहिए, उनसे शिक्षा लेनी चाहिए और गीता रामायण का पाठ करना चाहिए.

## एनआईडी छात्रों की फ़िल्मों का प्रदर्शन आज

**भोपाल.** राजधानी में सिनेमा प्रेमियों के लिए शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लघु वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा. प्रशासन अकादमी और 'सिने' क्लासिक के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे अकादमी के मिनी थिएटर में होगा. भोपाल के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को दर्शाती फ़िल्में जैसे 'ख्वाहिशें ऐसी', 'दे नो नॉट हाउ टू कास्ट नेट्स', 'पांचसो पर इंच' और 'कगार' थिएटर में प्रदर्शित की जाएगी.

# शिविर में 92 बालिकाओं की सेहत जांची

### सेवा भारती का लालिमा अभियान

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 16 अप्रैल. सेवा भारती भोपाल महानगर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान शंकराचार्य मंडल अंतर्गत छोला मंदिर संस्कार केंद्र में लालिमा अभियान के अंतर्गत किशोरियों में रक्ताल्पता ( एनीमिया ) की जांच के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन सेवा भारती भोपाल महानगर अध्यक्ष शिव मंगल द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया.**




अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज से आग्रह किया कि आज की किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहना महती जिम्मेदारी है. मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि लालिमा अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 92 किशोरियों की रक्ताल्पता की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई तथा आवश्यकता अनुसार आयरन एवं कैल्शियम का वितरण भी किया गया. साथ ही पोषण विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार एवं शरीर में आयरन की कमी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव दिए गए.


योजना | रिजल्ट आते ही उच्च शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

# बेटियों की पढ़ाई में अब नहीं आएगी कोई रुकावट

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 अप्रैल. एमपी बोर्ड की 12वीं परीक्षा के नतीजे घोषित होते ही उच्च शिक्षा विभाग ने बेटियों के भविष्य को लेकर राहत भरा कदम उठाया है। विभाग ने गांव की बेटी, प्रतिभा किरण छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन की तारीख 15 मई तक बढ़ा दी है.**

12वीं का रिजल्ट आने के बाद अक्सर गरीब और ग्रामीण परिवारों में फीस को लेकर चिंता होती है. लेकिन इस बार स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 को फिर से खुलने से छात्राओं को लाभ मिलेगा. वहीं हाल ही में परीक्षा पास की है वे अब बिना किसी देरी के इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकती हैं. शासन का उद्देश्य है कि प्रदेश की कोई भी प्रतिभाशाली बेटी पैसों की कमी की वजह से उच्च शिक्षा से वंचित न रहे.



### किसे मिलेगा लाभ और क्या है योजना

गांव की बेटी योजना उन छात्राओं के लिए है, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल से प्रथम श्रेणी में 12वीं पास की है. वहीं प्रतिभा किरण योजना शहरी क्षेत्र की उन मेधावी छात्राओं के लिए बनाई गई है जो गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवारों से ताल्लुक रखती हैं. इन योजनाओं के तहत छात्राओं को कॉलेज की पढ़ाई जारी रखने के लिए सालाना वित्तीय सहायता दी जाती है.

> **15 मई तक आवेदन का मौका**
>
> उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि रिजल्ट के बाद पात्र छात्राओं का डेटा तुरंत सत्यापित किया जाए. जो छात्राएं अब तक आवेदन नहीं कर पाई थीं या जो नई छात्राएं इस साल कॉलेज में प्रवेश लेंगी वे 15 मई तक अपना पंजीकरण करा सकती हैं. विभाग ने सख्त लहजे में कहा है कि यदि कोई पात्र छात्रा आवेदन से चूकती है तो इसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रबंधन की होगी.

# भेल में ग्रीनको सर्टिफिकेशन के लिए सीआईआई का ऑडिट

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 16 अप्रैल.** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल में पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीनको सर्टिफिकेशन के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की तीन सदस्यीय टीम द्वारा दो दिवसीय ऑडिट किया गया. ऑडिट की कार्यवाही की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने की, जिन्होंने टीम को इकाई द्वारा अपनाई गई प्रमुख सतत विकास पहलों की जानकारी दी. इस दौरान महाप्रबंधकों सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

ऑडिट का समापन एचएसई विभाग में आयोजित समीक्षा बैठक के साथ हुआ. बैठक को संबोधित करते हुए अपर महाप्रबंधक (एचएसई) ने ऑडिट के विभिन्न चरणों की जानकारी दी और 'ग्रीन बीएचईएल' विजन, सतत विकास तथा नेट-जीरो लक्ष्यों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, जो कॉर्पोरेट और भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं.

सीआईआई के ऑडिटर के.के. चक्रवर्ती, राजेश चंद्रा और सोहेल खान ने प्रक्रिया के दौरान संवादात्मक चर्चा, शॉप-फ्लोर निरीक्षण और दस्तावेज सत्यापन पर जोर दिया तथा बीएचईएल भोपाल की ऊर्जा दक्षता, संसाधन संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन पहलों की सराहना की.